# कलकत्ता चैंबर का विशेष संवादात्मक सत्र



**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आज अपने परिसर में प्रेरणादायक बातचीत: अनिल स्वरूप यू कैन मेक ईटी हैपन विषय पर एक विशेष संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय पूर्व केंद्रीय कोयला सचिव एवं शिक्षा सचिव तथा नेक्सस ऑफ गुड फाउंडेशन के संस्थापक श्री अनिल स्वरूप मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बी.डी. मेमोरियल जूनियर स्कूल, एडवांस्ड इंडस वैली वर्ल्ड स्कूल एवं बी.डी.एम. इंटरनेशनल की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. सुमन सूद के साथ प्रेरक संवाद में भाग लिया। कार्यक्रम में कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अनंत सहारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनुराग झुनझुनवाला तथा कार्यकारी समिति सदस्य श्री सौरभ माहेश्वरी के साथ-साथ चैंबर के अन्य सदस्य, गणमान्य अतिथि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। सत्र के दौरान श्री अनिल स्वरूप ने विचारों को कर्म में बदलने के लिए प्रेरणा, दृढ़ता और सक्रिय मानसिकता के महत्व पर अपने विचार साझा किए।